Title: Request to implement the Mumbai pattern for VRS to the employees of the NTC mills.

श्री मोहन रावले : उपाध्यक्ष महोदय, NTC मैनेजमेंट ने गुजरात पैटर्न पर VRS लागू करने का एक नोटिस जारी किया है। इस पैटर्न के अन्तर्गत NTC के एक कर्मचारी को 1.5 लाख से 2 लाख रुपए मिलेंगे । यदि मुम्बई पैटर्न लागू किया जाता है, तो उसे 4 से 5 लाख रुपए मिल सकेंगे। मुम्बई की सभी NTC कर्मचारी यूनियन्स गुजरात पैटर्न के अन्तर्गत VRS लागू करने का विरोध कर रही हैं। अनेक मिलें रा-मैटीरियल, काटन और वर्किंग कैपिटल न मिलने के कारण बन्द हो गई हैं। पता चला है कि NTC की सरप्लस लैंड को बेचकर सरकार को 2005 करोड़ रुपए मिलेंगे।

1258 ण्द्धद्द (अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि सरप्लस लैंड बेचने से मिलने वाली राशि मुम्बई की मिलों को दी जाएगी। इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है? मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुजरात पैटर्न के अन्तर्गत जारी नोटिस रद्द कर उसके स्थान पर मुम्बई पैटर्न लागू किया जाए।